प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी जयपुर–अजमेर
दिनांकः 29.01.2025 समय : 01:00 पी.एम.

..........................

प्रयागराज के महाकुंभ में आज संगम नोज पर हुए हादसे के बाद उत्तरप्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने श्रदालुओं से अपने नजदीक के गंगा घाट पर डुबकी लगाने की अपील की है। श्री योगी ने बताया कि 15 से बीस किलोमीटर के दायरे में अस्थायी घाट बनाये गए हैं। श्रद्धालु उन्हीं पर स्नान करें। श्री योगी ने मीडिया से बात करते हुए कहा कि रात एक से दो बजे के बीच अखाडा मार्ग पर अवरोध पार करते समय अनेक श्रद्धालु गंभीर रूप से घायल हो गये थे। उन्हें तुरंत अस्पताल पहुंचाया गया जहां उनका इलाज चल रहा है। मुख्यमंत्री ने लोगों से अफवाहों पर ध्यान न देने और संयम रखने का अनुरोध किया है। उन्होंने कहा कि प्रशासन श्रद्धालुओं के सुरक्षित स्नान के लिए स्थानीय स्तर पर लगातार काम कर रहा है। इसके अलावा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी भी लगातार स्थिति की जानकारी ले रहे है। इस बीच राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने सोशल मीडिया पोस्ट में घायल श्रद्धालुओं के परिजनों के प्रति शोक संवेदना व्यक्त करते हुए उनके जल्द स्वस्थ होने की कामना की है। प्रधानमंत्री श्री मोदी ने सोशल मीडिया पोस्ट् में कहा कि दुर्घटना में अपने परिजनों को खोने वाले श्रद्धालुओं के प्रति उनकी गहरी संवेदनाएं हैं। श्री मोदी ने कहा कि स्थानीय प्रशासन पीडितों की हरसंभव मदद में जुटा हुआ है। मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा ने दुर्घटना पर दुख जताते हुए घायलों के जल्द से जल्द स्वास्थ्य लाभ की कामना की है। वहीं पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने भी सोशल मीडिया पोस्ट में दुर्घटना पर दुख व्यक्त किया है।

..........................

राजस्थान विधानसभा का सत्र 31 जनवरी से शुरू होगा। इससे पहले आज सर्वदलीय बैठक बुलाई गई। बैठक में सत्र के सुचारू संचालन के लिए सभी दलों के प्रतिनिधियों से चर्चा की गई। बैठक में मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा और नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली मौजूद रहे। विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने कहा कि विधानसभा के इस सत्र को चालीस दिन चलाये जाने का लक्ष्य तय किया गया है। यह सत्र कागज रहित और कागज सहित दोनों तरह से चलाया जाएगा। इसके लिए सदस्यों को पेपरलैस प्रकिया का प्रशिक्षण दिया गया है। विधानसभा अध्यक्ष ने सत्र के दौरान मीडिया से सकारात्मक बने रहने का आग्रह किया है। उधर केन्द्र सरकार ने संसद के बजट अधिवेशन से पहले कल सर्वदलीय बैठक बुलाई है। बजट अधिवेशन शुक्रवार से शुरू होगा। 1 फरवरी को वित्त मंत्री निर्मला सीतारामन संसद में वित्त वर्ष 2025–26 के लिए केन्द्रीय बजट प्रस्तुत करेंगी।

..........................

राष्ट्रीय कुष्ठ रोग उन्मूलन कार्यकम के तहत कल से जागरूकता पखवाडा मनाया जायेगा। 13 फरवरी तक चलने वाले इस पखवाडे के तहत लोगों को कुष्ठ रोग के बारे में जानकारी दी जाएगी। साथ ही इससे जुड़ी भ्रांतियों को दूर करने के प्रयास किये जाएगें। इसी कड़ी में हनुमानगढ़ में पखवाड़े के तहत जिले में कुष्ठ रोग के मामलों को चिन्हित किया जाएगा। साथ ही कुष्ठ रोग से प्रभावित व्यक्ति और उनके परिवार के साथ किसी तरह का भेदभाव नहीं करने के लिए लोगों को जागरूक किया जाएगा।

..........................

गणतंत्र दिवस समारोह का समापन आज शाम नई दिल्ली में बीटिंग रिट्रीट से होगा। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु, उपराष्ट्रापति जगदीप धनखड़, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और अन्य केंद्रीय मंत्री इस अवसर पर उपस्थित रहेंगे। इस वर्ष बीटिंग रिट्रीट समारोह में सेना, नौसेना, वायु सेना और केन्द्रीय सशस्त्र पुलिस बलों के बैण्डों की कुल 30 धुन बजाई जाएंगी।

..........................

प्रदेश में पश्चिमी विक्षोभ के आंशिक प्रभाव से दिन और रात के तापमान में 2 से 4 डिग्री की बढ़ोतरी दर्ज की गई है। 14 शहरों में न्यूनतम तापमान 10 डिग्री सैल्सियस से ऊपर रिकॉर्ड हुआ है। पिछले 24 घंटों में सबसे कम 5 दशमलव 8 डिग्री सैल्सियस न्यूनतम तापमान लूणकरणसर मे रहा। राजधानी जयपुर में रात का पारा 12 दशमलव 6 डिग्री सैल्सियस पर पंहुच गया। जैसलमेर में अधिकतम

तापमान 30 डिग्री सैल्सियस के आस–पास दर्ज हुआ। मौसम विभाग ने आज पूर्वी राजस्थान में आंशिक बादल छाए रहने और कहीं–कहीं बूंदाबांदी की संभावना व्यक्त की है।

..........................

भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन– इसरो ने आज आंध्र प्रदेश के श्रीहरिकोटा से दूसरी पीढ़ी के नेविगेशन सेटैलाइट एन.वी.एस.–2 का सफल प्रक्षेपण किया। इसे सुबह छह बजकर 23 मिनट पर जी. एस.एल.वी.–एफ–15 प्रक्षेपण यान से छोड़ा गया। सतीश धवन अंतरिक्ष केन्द्र से यह इसरो का सौंवा ऐतिहासिक प्रक्षेपण है।

..........................